साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

कार्य परिषद की 12वीं बैठक

दिनांक 06.04.2023

<u>कार्यवाही विवरण</u>

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 06.04.2023 को कुलपति महोदया की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11:00 बजे आहूत हुई। बैठक में निम्नानुसार सदस्य ऑफलाईन एवं ऑनलाईन माध्यम से उपस्थित रहेः-

1. डॉ नीरजा ए गुप्ता, कुलपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय |
2. श्री कपिल तिवारी, पद्मश्री, भोपाल |
3. प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलपति नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, नालंदा |
4. श्री उमेश उपाध्याय, प्रेसीडेंट रिलायंस (मीडिया) मुंबई |
5. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, म.प्र.शासन के प्रतिनिधि श्री सुनिल दुबे ।
6. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन के प्रतिनिधि श्री डी.पी.सिंह ।
7. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, म.प्र.शासन के प्रतिनिधि श्री अरूंण पालीवाल।
8. प्रोफे. अलकेश चतुर्वेदी, कुलसचिव, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय |

कार्य परिषद के सदस्य सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा एजेण्डा बिंदुओं को समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय पारित किये गये :-

एजेण्डा क्र. 01 कार्य परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 13.09.2023 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

निर्णय समिति सदस्यों द्वारा कार्य परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 13.09.2023 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा क्र. 02 कार्य परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 13.09.2023 के निर्णय का पालन प्रतिवेदन।

निर्णय समिति सदस्यों द्वारा पालन प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा क्र. 03 विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में।

निर्णय

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक संवर्ग की पूर्ति हेतु विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक 1841 दिनांक 08.08.2022 अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया निरस्ती सूचना का अनुमोदन समिति सदस्यों द्वारा किया गया।

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार रोस्टर समिति द्वारा निर्मित रोस्टर पर आधारित शैक्षणिक पदों की पदपूर्ति हेतु प्रशासनिक एवं वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित विषयों पर कुल 89 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई एवं चयन प्रक्रिया एवं/अथवा साक्षात्कार में न्यूनतम अभ्यर्थी के उपस्थित होने पर भी साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया करने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी सुनिश्चित किया गया कि उक्त भर्तियां किये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा शासन से मांग किये जाने वाले अनुदान पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आवेगा।

भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत साक्षात्कार उपरांत योग्य अभ्यर्थी को कार्य परिषद् से स्वीकृति उपरांत पदभार ग्रहण कराये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा क्र. 04 विश्वविद्यालय के नवीन परिसर हेतु परिसम्पत्ति कार्य के संबंध में।

निर्णय

समिति सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में लैण्ड स्कैपिंग एवं भवन के फर्नीचर संबंधी कार्य को प्राथमिकता प्रदान किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय की आवंटित भूमि पर प्रक्रियाधिन विश्वविद्यालय के भवन निर्माण लैण्डस्केपिंग एवं फर्नीचर (Infrastructure) को प्राथमिकता प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। व्यय मुख्य डी.पी.आर में प्रस्तावित मद के अनुसार करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। CSRD द्वारा लैण्डस्केपिंग में सलाहकार का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्र. 05 धर्म-धम्म सम्मेलन के सफल आयोजन विषयक।

निर्णय

समिति सदस्य को सातवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का विश्वविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक के आयोजन से अवगत हुई।

अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में लगभग 277 लाख रूपये का व्यय हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री म.प्र.शासन की अध्यक्षता में आहूत साधारण परिषद की बैठक दिनांक 13.09.2022 में प्रदत्त निर्देशानुसार उक्त सम्मेलन में होने वाले व्यय का भुगतान विश्वविद्यालय संचालन हेतु प्राप्त अनुदान राशि के अतिरिक्त शासन द्वारा किया जावेगा जिसकी प्राप्ति हेतु साधारण परिषद की बैठक दिनांक 13.09.2022 के कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न कर शासन को पत्र प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा क्र. 06 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार।

निर्णय समिति की अध्यक्ष महोदया द्वारा श्री उमेश उपाध्याय जी के कार्य सहयोग से नवनिर्मित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर, मुंबई तैयार होने पर हार्दिक अभिनंदन किया गया।

कार्य परिषद के सदस्य सचिव द्वारा उपस्थित गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्य परिषद के सदस्य सचिव प्रो. अल्केश चतुर्वेदी, कुलसचिव, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

12.04.23

प्रोफे. अलकेश चतुर्वेदी
सदस्य सचिव, कार्य परिषद
एवंकुलसचिव
साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

12.4.23

डॉ नीरजा ए गुप्ता
अध्यक्ष, कार्य परिषद
एवंकुलपति
साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय